हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

(तिथि 24 सितम्बर 2025, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार:-

- **हरियाणा में कल पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' शुरू की जाएगी।**
- **सेवा और सुशासन के मंत्र पर चलते हुए मोदी सरकार ने भारत सेमीकंडक्टर मिशन के माध्यम से भारत के भविष्य को उज्वल किया।**
- **हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने जीएसटी बचत उत्सव के अंतर्गत बल्लभगढ़ में बाज़ार में जाकर ग्राहकों और व्यापारियों को जी एस टी सुधारों के प्रति जागरूक किया।**
- **हरियाणा और चंडीगढ़ में व्यापारियों, किसानों और मध्यम वर्ग को जी एस टी सुधारों का लाभ मिलना शुरू हुआ।**
- **मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने खेल महाकुंभ के दूसरे चरण का उद्घाटन किया।**

****

हरियाणा में कल पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर महिलाओं की सामाजिक सुरक्षा और सम्मान के लिए 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' का शुभारंभ किया जाएगा।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि ' दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत पात्र महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। योजना का लाभ हरियाणा की उन विवाहित और अविवाहित महिलाओं को मिलेगा जिनकी आयु 25 सितंबर को 23 वर्ष या उससे अधिक होगी। यदि एक परिवार में 3 पात्र महिलाएं हैं तो उन तीनों को योजना का लाभ मिलेगा।

****

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा के लिए शासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में, हम आपको बताएंगे कि कैसे मोदी सरकार भारत सेमीकंडक्टर मिशन के माध्यम से भारत के भविष्य को आकार दे रही है।

सेमीकंडक्टर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स के आवश्यक निर्माण खंड हैं, जो उपकरणों को चलाने वाले छिपे हुए मस्तिष्क की तरह काम करते हैं। 2021 में भारत सेमीकंडक्टर मिशन (ISM) के शुभारंभ के बाद से, भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपनी सेमीकंडक्टर यात्रा को विजन से हकीकत में बदल दिया है। इस महीने नई दिल्ली में सेमीकॉन इंडिया 2025 को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने सेमीकंडक्टर चिप्स को डिजिटल डायमंड बताया।

भारत सेमीकंडक्टर मिशन 76,000 करोड़ रुपए के सेमीकंडक्टर इंडिया कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है, जो सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले निर्माण के लिए 50% तक सहायता प्रदान करता है। डिज़ाइन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम के माध्यम से, इसने 280 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों और 70 से अधिक स्टार्टअप्स को शामिल किया है, जबकि इलेक्ट्रॉनिक घटकों

और अर्धचालकों के विनिर्माण को बढ़ावा देने की योजनाSPECS इलेक्ट्रॉनिक घटक निर्माण के लिए 25% सहायता प्रदान करती है।

भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा सेमीकंडक्टर इंडिया 2025 में एक महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुँची, जहाँ केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री मोदी को आधिकारिक तौर पर भारत में निर्मित चिप्स का पहला सेट भेंट किया।

ये सभी पहल एक आत्मनिर्भर सेमीकंडक्टर उद्योग के निर्माण की दिशा में देश की निरंतर प्रगति को दर्शाती हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है, "आज का भारत दुनिया में विश्वास जगाता है, और जब चिप्स की कमी हो, तो दुनिया भारत के बारे विचार कर सकती है"।अश्विनी कुमार शर्मा आकाशवाणी समाचार, चंडीगढ़

****

बल्लभगढ़ के विधायक एवं हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज जीएसटी बचत उत्सव के अंतर्गत स्थानीय बाजार का दौरा कर आम नागरिकों और दुकानदारों को जी एस टी सुधारों के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने विभिन्न दुकानों पर जाकर ग्राहकों और व्यापारियों से बातचीत की तथा जीएसटी में दी जा रही छूट के फायदे बताए। मीडिया से बातचीत में श्री मूल चंद शर्मा ने कहा -

उन्होंने लोगों से स्वदेशी अपनाने का आह्वान भी किया -

****

हरियाणा और चंडीगढ़ में नई जीएसटी दरों पर समान की बिक्री से गरीब, मध्यम वर्ग, युवाओं, किसानों, व्यापारियों सहित सभी वर्गों को लाभ मिलना आरंभ हो गया है। आज जींद में व्यापारियों ने कहा कि उनकी बिक्री में एकाएक भारी इजाफा हुआ है।

ऑटो मोबाईल व्यापारी सुरेश पवार ने कहा कि ग्राहकों की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। एक महिला ग्राहक ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नया वाहन खरीदने में उन्हें हजारों रुपये की बचत हुई है ।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकुला के ताऊ देवी लाल खेल परिसर में खेल महाकुंभ के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से युक्त होकर खेलने की शपथ दिलाई। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने उनका हौंसला बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में दी जा रही खेल सुविधाओं का जिक्र करते हुए कहा –

उन्होंने 2024 के पैरा ओलिंपिक खिलाड़ियों को 42 करोड़ व प्रशिक्षकों को साढ़े 3 करोड़ से अधिक राशि के इनाम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महिला खिलाड़ियों द्वारा

कुश्ती तथा जूडो कराटे का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर खेल मंत्री गौरव गौतम भी मौजूद रहे।

****

पलवल के नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आज से राज्य स्तरीय तीन दिवसीय “खेल महाकुंभ” शुरू हुआ । उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कबड्डी और तीरंदाजी प्रतियोगिताओं की शुरुआत की। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विपिन बैंसला भी मौजूद रहे।

****